Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 23-12-2005

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

>

Title : Regarding acute shortage of power in Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : माननीय अध्यक्ष जी, राजस्थान में विगत चार वर्षों से लगातार सूखा तथा अकाल पड़ने से फसलों का उत्पादन नहीं हो पाया । फिर भी किसानों ने जहां पानी उपलब्ध था बिजली के भरोसे रबी की बु वाई कर दी। फसलों की पिलाई हेतु बिजली बहुत आवश्यक है अन्यथा लाखों किसानों की मेहनत और बोई हुई फसलें बरबाद हो जाएंगी।

राजस्थान को इन दिनों भयंकर विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा है। आर.ए.पी.पी. की पहली इकाई पहले ही बंद है। दूसरी इकाई से भी पूरा उत्पादन नहीं हो रहा है। तीसरी और चौथी इकाई द्वारा उत्पादित पूरी बिजली राजस्थान को नहीं मिल पा रही है। कोटा थर्मल पावर की एक इकाई भी अब तक बंद हो गई है। परिणामस्वरूप 45 लाख् यूनिट की कमी आ गई है। जल विद्युत के उत्पादन में भी चम्बल की एक नहर के टूट जाने से 25 लाख यूनिट की पहले से भी कमी चल रही है। पड़ोसी राज्यों से 61 लाख यूनिट की खरीद के बावजूद व राजस्थान सरकार के पूरे प्रयत्नों के बावजूद भी संकट दूर नहीं हो पा रहा cè[sk16]।

उधर उत्तर ग्रिड की हालत भी ठीक नहीं चल रही है। पूरी बिजली नहीं मिल पा रही हे। 5-6 घंटे लगातार बिजली कटौती होने पर भी स्थिति संभल नहीं पा रही है। अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के किसानों को संकट से उबारने तथ करोड़ों की लागत की फसलों को बचाने को लिए अविलम्ब नेशनल ग्रिड से आ वश्यकतानुसार बिजली उपलब्ध करवाई जाए तथा कोटा एवं रावतभाटा की इकाइयों को भी शीघ्र ठीक करवाया जाए ताकि पूरी बिजली उत्पादित हो सके। स्थायी हल पाने के लिए मेड़ता (नागौर) के पास मीरा नगर में जो कोल इंडिया लि. के ट्यूबवैल कोयले की सतह तक खुदे हुए हैं उनसे गैस निकाल कर "अंडर ग्राउंड कोल गेसिफिकशन" से ि वद्युत उत्पादन करने हेतु कोल इंडिया लि. को केन्द्र सरकार बाध्य करे ताकि उस गैस से विद्युत उत्पादन हो सके जिसकी विधि मैं सदन में बता चुका हूं।